Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 78 रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए स्कूटी सवार महिला की मौके पर हुई मौत, 2 मासूम घायल



रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर सांकरा के पास हादसा

**रायपुर,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी से लगे सांकरा में आज सुबह-सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें महिला की मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि दूसरे बच्चे को भी मामूली चोट आई है. यह हादसा सांकरा से सिमगा की अंडरब्रिज विहीन सिक्स लाइन पर हुआ. राहगिरों से घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल बच्चों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मर्ग कायम कर महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया.

जानकारी के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ जब महिला अपने दो बच्चों के साथ रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रही थी. जैसे ही वह सांकरा स्थित दिलबाग के सामने से सर्विस रोड से सिक्स लाइन की ओर बढ़ी, तभी टाटीबंध की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक उसे अपनी चपेट में ले लिया. इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई और बच्चे घायल हो गए. ग्रामीणों का कहना है कि जब सिक्स लाइन का निर्माण नहीं हुआ था, तब इस मार्ग पर हादसों की संख्या बहुत कम थी. लेकिन सिक्स लाइन बनने के बाद सांकरा में अंडरब्रिज का निर्माण न होने से यह सड़क एक खूनी लाइन में तब्दील हो गई है. सांकरा से सिल्तरा तक की सिक्स लाइन के पूर्व और पश्चिम दिशा में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां और गांव स्थित हैं, जिससे प्रतिदिन हजारों मजदूर और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इस सिक्स लाइन को पार करते हैं. अंडरब्रिज की कमी के कारण यह लोग लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं. सांकरा के ग्रामीण लंबे समय से अंडरब्रिज की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे यह सड़क हादसों का प्रमुख कारण बन गई है।

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जलियांवाला बाग में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1919 में जलियांवाला बाग में जान गंवाने वालों को रविवार को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''जलियांवाला बाग में भारत माता के लिए मरमिटने वाले सभी स्वाधीनता सेनानियों को मैं सादर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके बलिदान से हमारे स्वाधीनता संग्राम की धारा और प्रबल हो गई थी। कृतज्ञ भारत सदैव उनका ऋणी रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि उन अमर बलिदानियों से प्रेरणा लेकर सभी देशवासी भारत की प्रगति में पूरे तन-मन-धन से अपना योगदान देते रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को रविवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि 'आने वाली पीढ़ियां हमेशा उनके अदम्य साहस को याद रखेंगी'। औपनिवेशिक शासन को दमनकारी शक्तियां प्रदान करने वाले रॉलेट एक्ट के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध कर रहे सैकड़ों लोगों को 1919 में आज ही के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में बिना किसी उकसावे के ब्रिटिश सेना ने गोलियों से भून दिया था।

## प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ब्लास्ट-फर्नेस में धमाका, 13 कर्मचारी घायल



**जांजगीर-चांपा,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले की प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब उनके ओल्ड 15 टन ब्लास्ट-फर्नेस में अचानक धमाका हो गया। इस हादसे में मौके पर काम कर रहे 13 अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए है, इनमें से 4 मजदूर कि हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर, एसपी विवेक शुक्ला और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जाएजा लिया।

### इलाज के लिए रायपुर रेफर

बता दें कि घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर और रायपुर स्थित नारायणा अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में घायलों में सुरेश कुमार चंद्रा, अनूप चतुर्वेदी, दूज राम चंद्रा, प्रसन्न जीत राय, नीरज सिंह, उदय शंकर ओझा, बृज किशोर यादव, रमेश सूर्यवंशी, शंकर यादव, राजेंद्र कुमार, शिव कुमार केवट, सरकार सिंह और राजेश प्रजापति शामिल हैं। जांजगीर-चांपा एसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में आज शाम उनके ब्लास्ट फर्नेस में विस्फोट हुआ है, जिसमें कंपनी के 13 अधिकारी एवं कर्मचारी के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। इस पर हमारे द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रवाना किया गया है। इसके अलावा घटनास्थल पर तुरंत इंडस्ट्रियल सेफ्टी इंस्पेक्टर और एफएसएल अधिकारी से जांच कराई जा रही है। जांच के बाद घटनास्थल को सील कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी की मृत्यु की कोई सूचना नहीं है। हादसे के समय फैक्ट्री में कुछ ठेका कर्मचारी और कुछ नियमित कर्मचारी मौजूद थे। सभी को आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है और उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### खाटू श्याम दर्शन को निकला परिवार नहीं लौटा वापस, 12 महीने के मासूम सहित पूरा परिवार खत्म

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। राजस्थान के जयपुर जिले में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। खाटू श्याम के दर्शन के लिए निकले एक परिवार की कार की ट्रेलर से भयानक टक्कर हो गई, जिसमें परिवार के सभी पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक मात्र 12 महीने का मासूम बच्चा भी शामिल है। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए और शवों को निकालने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर नेकावाला टोल प्लाजा के पास सुबह करीब 8 बजे हुआ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से एक परिवार खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए कार से निकला था। कार दौसा से खाटू की ओर जा रही थी, तभी अचानक एक ट्रेलर से भीषण टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर सड़क से नीचे उतर गया और पलट गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उसमें बैठे सभी लोग अंदर फंस गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही रायसर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया। शवों को बाहर निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के चलते हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

### चरित्र शंका पर पति ने पत्नी पर किया ताबड़तोड़ चाकू से वार

**कवर्धा,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। चरित्र शंका के चलते एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी. आरोपी ने महिला के पेट और गुप्तांग पर चाकू से कई वार किए, जिससे उसकी आंत तक बाहर आ गईं. घटना कबीरधाम जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के चोरभट्टी गांव की है, जहां आरोपी बसंत ने अपनी पत्नी फूलवंती की चरित्र पर शंका करते हुए उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया.ग्रामीणों की मदद से महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर किया. पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.

### वक्फ कानून को लेकर हुए बवाल पर पुलिस सख्त, 12 और गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में तीन लोगों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल हुए थे। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुस्लिम बहुल जिले में कहीं से भी हिंसा की कोई नई घटना सामने नहीं आई है। सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

## देशभर में दो साल में 10 लाख करोड़ की राजमार्ग परियोजनाएं शुरू करेगी सरकार : नितिन गडकरी



**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए अगले दो साल में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देंगे, जहां की सड़कें अमेरिका की सड़कों के समान होंगी।

गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार अगले दो साल में देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, ताकि यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर हो। गडकरी ने कहा, ''हम अगले दो साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले दो वर्षों में पूर्वोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कठिन भूभाग और सीमाओं से निकटता को देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हमारा प्रयास देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाना है, ताकि यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचे के बराबर हो जाए।'' उन्होंने बताया कि इस दिशा में महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और दिल्ली सहित सभी राज्यों में काम चल रहा है। गडकरी ने कहा कि पूर्वी राज्यों में 3,73,484 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 784 राजमार्ग परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी, जिनके तहत 21,355 किलोमीटर सड़क आएंगी। उन्होंने कहा कि इनमें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) की परियोजनाएं शामिल हैं। गडकरी ने बताया, ''हमारे पास फिलहाल असम में 57,696 करोड़ रुपये और बिहार में लगभग 90,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं हैं। हम पश्चिम बंगाल में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक, झारखंड में लगभग 53,000 करोड़ रुपये और ओडिशा में लगभग 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं भी शुरू कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''असम को छोड़कर पूर्वोत्तर में हम इस साल ही करीब एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं।'' गडकरी ने कहा कि नागपुर में 170 करोड़ रुपये की लागत से एक 'मास रैपिड ट्रांसपोर्ट' पायलट परियोजना चल रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में 135 सीटों वाली बस शामिल है जो प्रदूषण नहीं फैलाने वाले ऊर्जा स्रोतों पर चलेगी और इसके अत्यधिक लागत प्रभावी होने की उम्मीद है। अगर यह सफल रही तो इसे बनाओ-चलाओ-स्थानांतरित करो (बीओटी) मॉडल के तहत दिल्ली-जयपुर खंड सहित देशभर के महत्वपूर्ण मार्गों पर दोहराया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो मार्च, 2014 के 91,287 किलोमीटर से बढ़कर वर्तमान में 1,46,204 किलोमीटर हो गया है। इसके अलावा मानदंडों में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि दो लेन से नीचे के राष्ट्रीय राजमार्गों का अनुपात तेजी से कम हुआ है। कुल नेटवर्क में यह 30 प्रतिशत से घटकर सिर्फ नौ प्रतिशत रह गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, एनएचएआई ने 5,614 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया, जो इसके 5,150 किलोमीटर के लक्ष्य से अधिक है।

## 6 गायों की संदिग्ध मौत, पुलिस के साथ पहुंचे गौ सेवक

**रायपुर,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी के इंडस्ट्रियल एरिया उरला से लगे ग्राम कन्हैरा में शमशान घाट के पास आज 6 गायों के शव मिले हैं. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गौवंशों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. आशंका जताई जा रही हैं कि गौवंशों की मौत वहां फेंके गए औद्योगिक अपशिष्ट खा लेने से हुई होगी. गायों की संदिग्ध तरीके से मौत को लेकर पशु प्रेमी और गौ-सेवकों समेत ग्रामीणों में आक्रोश है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### जांच जारी

वहीं इस मामले को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने कहा कि सरकार के लापरवाही के कारण राजधानी में 50 गायों की मौत हो गई है. शासकीय गोदाम के साढ़े गले सामानों को फेंका गया, जिसे गायों ने खा लिया, उससे गायों की मौत हो गई. उन्होंने आगे कहा कि गांव में गौठान हैं, लेकिन बंद कर दिया गया है. गौठानों को बंद नहीं किया जाता, तो गायों के चारा-पानी की व्यवस्था होती. इस मौत के लिए सरकार जिम्मेदार है. गायों के मौत को लेकर प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गर्मियों में चारे और पानी की समस्या बढ़ जाती है, जिससे बेसहारा गायें इधर-उधर भटकती रहती हैं. उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिनके पास गायें हैं, वे उन्हें सुरक्षित रखें और उनकी देखरेख करें. मंत्री नेताम ने बताया कि राज्य सरकार ने घुमंतू गायों के संरक्षण के लिए गौ अभयारण्य योजना शुरू की है, जिसके तहत इन बेसहारा पशुओं को शरण दी जाएगी।

## महिला का प्रसव जंगल के बीच 112 वाहन में कराया गया



**कोरबा,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बांगो थाना क्षेत्र के खोटखोर्री में एक गर्भवती महिला का प्रसव जंगल के बीच 112 वाहन में कराया गया. 22 वर्षीय संगीता कुजूर को प्रसव पीड़ा होने पर 112 के चालक संजय कुमार और आरक्षक राम सिंह श्याम तत्काल उनके घर पहुंचे. परिजनों और मितानिन प्रेमा बाई की मदद से संगीता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में पीड़ा बढ़ने पर वाहन रोककर सुरक्षित प्रसव कराया गया. संगीता ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया. जच्चा-बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

## कोंडागांव में जमकर गिरे ओले



**रायपुर,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)।. छत्तीसगढ़ का कोंडागांव आज अचानक शिमला बन गया. वो इसलिए क्योंकि यहां करीब 40 मिनट तक लगातार ओले गिरे. तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं. ओलों की मार से खेतों में खड़ी मक्के की फसल को भारी नुकसान हुआ है. किसानों ने बताया कि इस समय मक्के की फसल तैयार थी, ऐसे में पौधों का गिरना सीधे तौर पर उनके मेहनत पर पानी फेर सकता है. रबी फसलों के भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है. मौसम की इस मार से न सिर्फ खेती प्रभावित हुई है, बल्कि आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया. तेज हवा, ओले और बारिश से कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई है. हालांकि तापमान में गिरावट से गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भारी नुकसान के रूप में चुकाना पड़ सकता है.

## दुष्कर्म के आरोपी मामा-भांजा गिरफ्तार, पीड़िता ने धमकी से डरकर किया था आत्महत्या का प्रयास



**बिलासपुर,** 13 अप्रैल (हाईवे चैनल)। दुष्कर्म के बाद फिर से मिलने के लिए परेशान करने पर पीड़ित युवती ने जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की. लेकिन इसके बाद भी आरोपी ने जब परेशान करना नहीं छोड़ा, तो पीड़िता ने थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई. मामले में रतनपुर पुलिस आरोपी मामा-भांजा को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर रही है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अमेरी निवासी सोनराज बंजारे उर्फ सोनू की बिलासपुर की रहने वाली एक युवती की से पहचान हुई, दोनों आपस में मोबाइल में बातचीत करने लगे, फिर मुलाकात भी हुई. इसी दौरान सोनराज को उससे प्रेम हो गया, लेकिन युवती ने इनकार कर उससे बातचीत करना बंद कर दिया था. मार्च 2024 को सोनराज बंजारे अपने भांजा चचेड़ी निवासी राजेश्वर बघेल के साथ युवती को बहला-फुसलाकर बाइक से घुमाने के लिए रतनपुर लेकर गए, और खंडोबा मंदिर के आसपास सुनसान जगह में बलपूर्वक सोनराज बंजारे ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया और लौट गए. युवती ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी. उसके बाद सोनराज बंजारे युवती को फोन कर फिर से मिलने के लिए बुलाने लगा. युवती के मना करने पर युवक ने युवती के मोबाइल में वीडियो काल किया और नहीं मिलने पर हंसिया से गला काटकर आत्महत्या कर लेने की धमकी दी. जिससे युवती डर गई, और उसने जहर खा लिया, परिजनो ने उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया. युवती ने ठीक होने पर घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी. जिसके बाद 25 मार्च 2025 को पीड़िता ने रतनपुर थाने रिपोर्ट लिखाई. जुर्म दर्ज होने के बाद आरोपी फरार था. इसके बाद पतासाजी करते हुए 4 अप्रैल को पुलिस ने फरार आरोपी सोनराज बंजारे व सहयोगी भांजा राजेश्वर बघेल को गिरफ्तार कर लिया है।

## रेलवे ने खत्म किया सीनियर सिटीजन का डिस्काउंट 5 साल में जमा किए हजारों करोड़, आरटीआई से खुला राज




**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (न्यूज चैनल)। कोविड-19 के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रेलवे टिकट छूट को बंद किया गया था, और यह छूट आज तक बहाल नहीं हो पाई। लेकिन इस फैसले ने रेलवे को न सिर्फ बुजुर्गों के लिए यात्रा महंगी बना दिया, बल्कि उनकी जेब से 8,913 करोड़ रुपये का अतिरिक्त मुनाफा भी इकठ्ठा कर लिया। यह चौंकाने वाला खुलासा एक आरटीआई से हुआ है।

इस दौरान रेलवे को कुल 20,133 करोड़ रुपये का टिकट राजस्व प्राप्त हुआ। यदि छूट लागू होती, तो ये रकम लगभग 11,220 करोड़ होती। यानी रेलवे ने 8,913 करोड़ का छूट बंद लाभ सीधे-सीधे कमा लिया। पूर्व में, वरिष्ठ नागरिक पुरुषों और ट्रांसजेंडर को 40त्न तथा महिलाओं को 50त्न टिकट छूट मिलती थी, जिसे 20 मार्च 2020 को कोविड की शुरुआत के बाद तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि रेलवे अब भी हर यात्री को औसतन 46त्न सब्सिडी दे रहा है। उन्होंने संसद में बताया कि 2022-23 में रेलवे ने टिकटों पर ?56,993 करोड़ की सब्सिडी दी, यानी 100 रुपये की सेवा पर यात्री को केवल 54 रुपये देने होते हैं। रेलवे का यह भी कहना है कि मरीज, दिव्यांगजन और छात्रों को अब भी विशेष छूट मिल रही है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों को छूट बहाल करने की कोई योजना फिलहाल नहीं है।